राधे अपनी कृपा की नज़र थोड़ी कर दो इधर

राधे अपनी कृपा की नज़र,
थोड़ी कर दो इधर....

वश में तेरे तीनो लोको का स्वामी,
दुनिया तेरे नाम की है दीवानी,
की तूने सभी पर मेहर,
थोड़ी कर दो इधर,
राधे अपनी किरपा की नज़र,
थोड़ी कर दो इधर.....

अपनी शरण में तू ले मुझको राधे,
चरणों में तेरे मुझे आसरा दे,
तेरे चरणों की रज चुटकी भर,
थोड़ी कर दो इधर,
राधे अपनी किरपा की नज़र,
थोड़ी कर दो इधर....

करदो दया मुझपे बरसाने वाली,
कोई ना लौटा तेरे दर से खाली,
तेरी रहमत में देखा असर,
थोड़ी कर दो इधर,
राधे अपनी किरपा की नज़र,
थोड़ी कर दो इधर......

करुणा का सागर ह्रदय है तुम्हारा,
दास तेरा काफी है एक इशारा,
वो इशारा तेरा एक बार,
थोड़ी कर दो इधर,
राधे अपनी कृपा की नज़र,
थोड़ी कर दो इधर.....

"मधुर भजन बेला"

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27085/title/radhe-apni-kripa-ki-nazar-thodi-kar-do-idhar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |